दैनिक भास्कर 30/08/2024

जिला स्तरीय विज्ञान क्विज में कोमल व प्रगति रहे प्रथम

अम्बाला | प्रतियोगिता के दौरान हिस्सा लेते बच्चे।

भास्कर न्यूज़ | अम्बाला

जीएमएन कॉलेज में जिला स्तरीय विज्ञान क्विज कराई। यह प्रतियोगिता हरियाणा राज्य परिषद विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी द्वारा प्रायोजित थी। प्रतियोगिता में अम्बाला के विभिन्न कॉलेजों से 12 टीमों ने भाग लिया।

अंतिम दौर में 8 टीमों को स्क्रीनिंग परीक्षण के माध्यम से शॉर्ट लिस्ट किया गया। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। डॉ. शिखा जग्गी ने क्विज मास्टर की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में कुल 4 राउंड हुए। प्रथम स्थान जीएमएन कॉलेज से कोमल सैना व प्रगति, द्वितीय स्थान एसडी कॉलेज कैंट से अपूर्वा, गुंजन व पलक तो तृतीय स्थान एसडी कॉलेज कैंट से ज्योति, अक्षित व प्रियांशु ने प्राप्त किया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता की टॉप-5 टीमें जोनल लेवल विज्ञान क्विज में प्रतिस्पर्धा करेंगी। प्रतियोगिता के आयोजन में डॉ. शैलेंद्र पांडेय, डॉ. कुलदीप यादव, डॉ. अनुपमा सिहाग, डॉ. नेहा अग्रवाल और डॉ. नियति ने प्रमुख भूमिका निभाई।